एक नजर में

## विशेष सेवाओं के लिए तीन संग्राहकों का सम्मान



इंदौर. इंदौर फिलेटेलिक सोसायटी एवं इंदौर न्यू मिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा गणितज्ञ डॉ. प्रगति जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें न्यू मिस्मेटिक क्षेत्र में विशेष सेवाओं के लिए गिरीश शर्मा आदित्य, मेजर डॉ. महेश कुमार गुप्ता एवं विराज भार्गव का सम्मान किया गया. इस अवसर पर इंदौर फिलेटेलिक सोसायटी एवं इंदौर न्यूमिस्मेटिक सोसायटी के वर्ष 2026 के लिए कार्यकारिणी के चुनाव भी संपन्न हुए. मुख्य अतिथि डॉ. प्रगति जैन ने इंडफिल ई मैगज़ीन एवं न्यू मिस्मेटिक कॉइन क्रानिकल ई मैगज़ीन के फरवरी अंकों का लोकार्पण भी किया गया. पत्रिका के संपादक इजी. चिराग त्रिवेदी ने पत्रिका की जानकारी दी. अध्यक्ष रवीन्द्र नारायण पहलवान ने सदस्यों को रोटेरियन निशा पहलवान स्मृति के अंतर्गत क्वीन विक्टोरिया के 6 पोस्टकार्ड भी उपहार स्वरुप भेंट किए. इस अवसर पर सुरेन्द्र मुल्ये, मुकेश पाटीदार एवं राजेंद्र अग्रवाल तथा राजेश शाह ने भी सदस्यों को उपहार भेंट किए. बैठक में गिरीश शर्मा आदित्य एवं विराज भार्गव ने फरवरी माह में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे मनी मेला 2026 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में दुर्लभ सिक्कों, बैंक नोट्स, डाक टिकिटों के साथ ही प्राचीन वस्तुओं का भी प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहेगा.

## लोकतंत्र सेनानी संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक



इंदौर. म.प्र. लोकतंत्र सेनानी संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक सोमवार को भोपाल स्थित वनवासी कल्याण परिषद कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 मार्च को लाकतंत्र विजय दिवस पर दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय सम्मलेन में राज्य के 150 लोकतंत्र सेनानी शामिल होंगे। अन्य मुद्दों पर भी विचार मंथन हुआ. बैठक से लौटकर प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि बैठक में दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों को ताम्र पत्र देने में हो रहे विलम्ब, दिल्ली में 21 मार्च को लोकतंत्र विजय दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय सम्मलेन एवं अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया. निर्णय लिया गया कि दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदेश के 150 लोकतंत्र सेनानी विभिन्न जिलों से पहुंचेंगे. इन जिलों की संख्या भी बैठक में तय की गई. कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा ने आय-व्यय की जानकारी प्राप्त की. बैठक को प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसुमार्या, महामंत्री सुरेन्द्र द्विवेदी, उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा एवं कृष्ण वीर सिंह ठाकुर तथा महेंद्र नाहर, इंदौर जिलाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, नरोत्तम माहेश्वरी, अलकेश शर्मा, उज्जैन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सांखला, विदिशा के ताम्रकार एवं प्रहरी संघ के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र अग्रवाल सहित अनेक व्यक्ताओं ने संबोधित किया. अंत में दिवंगत सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. आभार प्रदर्शन जगदीश अग्रवाल ने किया.

## देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी

इंदौर. विद्यासागर स्कूल परिसर में 77 वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह मुख्य अतिथि एसबी प्रसाद, मुख्य कमिश्नर (सेवा निवृत) आयकर विभाग के आतिथ्य में संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के मेंटर सत्यनारायण पटेल द्वारा तुलसी पौधा भैंट कर किया गया. सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया. तत्पश्चात राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि से विद्यालय परिसर गूंज उठ. गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कविता, भाषण, गीत, देश भक्ति पर आधारित नृत्य आदि के माध्यम से देश भक्ति की भावनाए प्रकट की. इस अवसर पर जुम्बा और स्केटिंग के फ्यूजन की विशेष प्रस्तुति के साथ ही अटारी वाघा बार्डर ड्रिल का भी देशभक्ति से ओतप्रोत प्रदर्शन भी किया गया. ` . इस अवसर पर सत्र 2025-2026 के अंतरसदन (गाँधी, साराभाई, टैगोर, विवेकानंद) को विभिन्न मापदंड़ो पर पुरस्कृत किया गया. स्कूल प्राचार्या भावना पुजारी ने गणतन्त्र के सही अर्थ और उसकी महत्त्ता को बताया. सत्यनारायण पटेल-अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के राष्ट्रीय सचिव ने गणतन्त्र दिवस शुभकामनाएं दी.




## जिला उत्कृष्ट / मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय विद्यालय के प्रवेश पत्र जारी, प्रवेश चयन परीक्षा 8 फरवरी 2026 को

धार 4 फरवरी 2026। म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट / मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 8 फरवरी 2026 को होने जा रही है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की *web site www.mpsos.nic.in* पर अपलोड कर दिये है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

**इंदौर**. निपानिया स्थित एडवांस्ड एकेडमी ने नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्रों के लिए अपनी वार्षिक विषय-आधारित प्रदर्शनी, परिक्रमा 2026 (लेवल 1) का आयोजन किया. प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व प्राचार्य एवं लेखिका प्रो. रंजना सहगल ने किया. प्रदर्शनी ने कक्षाओं को सृजनात्मकता और जिज्ञासा के जीवंत स्थानों में बदलकर अभिभावकों को उनके बच्चों के सीखने की यात्रा की एक आनंदमय झलक प्रस्तुत की.

# ‘नमामि वीरम’ पत्रिका का उद्देश्य देश के वीर सैनिकों को सम्मानित करना है

**सरदारपुर**। सरदारपुर मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं और मीडिया के बीच पहली बार प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरी निर्भीकता से पत्रकारों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया वहीं छात्र छात्राओं ने मीडिया कर्मियों से भी जिज्ञासा भरे प्रश्न पूछे। जिसमें मीडिया कर्मियों ने भी छात्र छात्राओं को संतोषप्रद जवाब दिए। मॉडल स्कूल सरदारपुर के छात्र छात्राओं द्वारा नमामि वीरम और वेदो से विज्ञान नामक पत्रिका का निर्माण किया है। ।जिनके विमोचन के संदर्भ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन 4 फरवरी 2026 को किया गया। नमामि वीरम की संपादक वैष्णवी बडवाल और वेदो से विज्ञान की संपादक अफीफा खान कार्यक्रम में उपस्थित थीं। वैष्णवी बडवाल और अफीफा खान ने बताया कि शिक्षिका प्रतिमासिंह के मार्गदर्शन में इन हस्तलिखित पत्रिकाओं का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि नमामि वीरम पत्रिका का उद्देश्य देश के वीर सैनिकों को सम्मानित करना है, वही वेदो से विज्ञान पत्रिका का उद्देश्य वैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ावा देना है।




प्रतिमासिंह जो स्वयं एक साहित्कार हैं । उन्होंने वर्तमान समय में साहित्य की उपयोगिता पर प्रकाश डाला ।पत्रिकाओं के संपादकों ने बताया कि उन्हें इस कार्य में उक्त शिक्षिका का बहुत सहयोग मिला और वे आगे भी इसी तरह के कार्य करने के लिए उत्साहित हैं। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल के प्राचार्य कामेश सतपुड़ा शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सरदारपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहनलाल यादव, भंवर सोनेर ,भंवर जाट, धर्मेंद्र श्रीवास्तव ,लोकेंद्र बैरागी, फुलचंद कुमावत आदि पत्रकार मौजूद थे। इस अवसर पर प्रवाह और अंकुर पत्रिकाओं के बारे में भी चर्चा की गई।

# विधायक ग्रेवाल व नपं अध्यक्ष सवेरा जायसवाल ने संतों का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

### भव्य आयोजन का हुआ समापन

**सरदारपुर**। नगर के पुराने नेशनल हाइवे इन्दौर अहमदाबाद से सटे हुए नवग्रह शनिदेव मन्दिर, बलदेव हनुमान मन्दिर संतोष कुटिया माही माता घाट पर माही माता की प्राण-प्रतिष्ठा, 5 कूंडिय हवन यज्ञ, श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का समापन हजारों भक्तो की मौजूदगी में रविवार को संपन्न किया गया। सोमवार शाम को सरदारपुर क्षेत्र के विधायक प्रताप ग्रेवाल, नपं अध्यक्ष सवेरा महेश जायसवाल राजगढ, मीनाक्षी अर्पित ग्रेवाल, राजेंद्र ग्रेवाल, विष्णु चौधरी, हरिओम मंडल के शैतानसिंह चौहान, लक्ष्मण तिवारी, भूपेंद्र जोशी, सुनील गर्ग, राकेश शर्मा, सुदीप तिवारी, संतोष पंवार आदि द्वारा कार्यक्रम मे पधारे मंहत

प्रेमदास महाराज, मंगलदास महाराज कार्यक्रम आयोजन कर्ता रितेश गुरु सहित रामपालकी सरकार के संत महात्माओं का शाल श्रीफल भेटकर स्वागत सम्मान करके आशिर्वाद लिया गया। इस अवसर पर प्रेमदास महाराज ने कहां कि माही माता के आशिर्वाद कृपा से आयोजन सफल रहा, सनातन धर्म का दूरदराज से आए भक्तजनो ने बढ़ चढ़कर धर्म लाभ लिया गया। धर्म के प्रति सनातनियों धर्मो ने जो उपस्थिति दर्ज कराई सनातन धर्म के लिए खुशी की बात है।



# खजराना मंदिर दर्शन करने जा रहे युवक पर चाकूसे हमला

**इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. अपने बच्चों के साथ भगवान के दर्शन करने जा रहे एक पिता पर रास्ते में एक बदमाश ने जानलेवा हमला कर दिया. आरोपी ने मामूली विवाद के बाद युवक के सीने पर चाकू से वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया.**

पुलिस के मुताबिक घटना यादव नंद नगर स्थित शांति विद्या निकेतन स्कूल के पास वाली गली की है. फरियादी 35 वर्षीय राजेश पिता रामहित यादव निवासी यादव नंद नगर, अपने बच्चों के साथ खजराना गणेश मंदिर दर्शन के लिए घर से निकले थे. जैसे ही वे स्कूल के पास वाली गली में पहुँचे, वहां मौजूद आरोपी विजयसिंह पिता हरिसिंह परिहार निवासी राधाकृष्ण नगर ने उनका रास्ता रोक लिया. राजेश ने पुलिस को बताया कि आरोपी विजयसिंह ने गाड़ी की किसी पुरानी बात को लेकर अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी. जब राजेश ने बच्चों के सामने गालियां देने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी आपा खो बैठा. उसने जेब से चाकू निकाला और राजेश के सीने पर हमला कर दिया. चाकू लगने से राजेश लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े. शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी उन्हें भी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला.

**सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी**-इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोर सोने-चांदी के जेवर और नगदी लेकर फरार हो गए. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



# स्वस्थ जीवनशैली व संतुलित आहार बचा सकता है कैंसर से

▶ विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**इंदौर.** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन आईओसीआई में किया गया. कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए कैंसर विनर्स ने अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्राएँ साझा कीं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि सही समय पर इलाज और मजबूत हौसले से कैंसर को मात दी जा सकती है.

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि आज कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं रह गई है. यदि शुरुआती चरण में इसकी पहचान हो जाए और तुरंत इलाज शुरू किया जाए, तो मरीज के पूरी तरह स्वस्थ होने की संभावना काफी अधिक होती है. रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. पियूष शुक्ल, डॉ. आशीष मालवीय एवं डॉ. प्रियांशु त्रिपाठी ने कहा कि आधुनिक रेडिएशन तकनीकों के आने से इलाज अब पहले की तुलना में अधिक सटीक, सुरक्षित और कम दुष्प्रभाव वाला हो गया है. कैंसर सर्जन डॉ. नीलेश जैन एवं डॉ. सनी जैन ने जानकारी दी कि लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक जैसी न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी तकनीकों से अब कैंसर की सर्जरी कम पीड़ादायक, ज्यादा सुरक्षित और प्रभावी हो गई है. मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हेमेंद्र मिश्रा ने बताया कि आज कीमोथेरेपी के साथ-साथ इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी आधुनिक उपचार विधियाँ उपलब्ध हैं, जो कैंसर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं. डॉक्टरों ने कैंसर की रोकथाम पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तंबाकू, धूम्रपान व अल्कोहल जैसे व्यसनों से दूरी बनाकर कई प्रकार के कैंसर से बचा जा सकता है.

# ट्रैफिक प्रहरी अभियान में योगदान देने वालों का किया सम्मान

**इंदौर.** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग कर रहे ट्रैफिक प्रहरियों और नुक्कड़ नाटक टीम को पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित किया. कार्यक्रम में चार ट्रैफिक प्रहरियों के साथ नटराज थियेटर ग्रुप की टीम को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर प्रोत्साहित किया.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैफिक प्रहरी अभियान के तहत अब तक 2990 जागरूक नागरिक पुलिस के साथ जुड़ चुके हैं और विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभालने में सहयोग कर रहे हैं. इस दौरान नए ट्रैफिक प्रहरियों को कैप, जैकेट सहित अन्य सामग्री भी प्रदान की गई. उन्होंने नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि आमजन की सहभागिता से ही शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है.

**नगर पालिक निगम, इन्दौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय)
नर्मदा परियोजना परिसर मूसाखेड़ी, इन्दौर
E-mail: ee2_narmada@rediffmail.com, Ph.: 0731-2712846

निविदा सूचना क्रमांक: 49/2025-26/नर्मदा.परि/न.पा.नि.

**निविदा आमंत्रण सूचना**

इन्दौर, दिनांक: 03.02.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये निविदाऐं ''प्रतिशत दर एवं आयटम दर'' निविदा प्रारूप पर पंजीकृत ठेकेदारों से, जो कि आवश्यक अर्हता रखते हो, से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD |
|---|---|---|---|
| 01 तृतीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-01 वार्ड क्रमांक-04 अंतर्गत आम्रकुंज कॉलोनी, ऋषि शिक्षण संस्थान की गली में विधायक निधि के अंतर्गत शासकीय बोरिंग से 63 एम.एम. व्यास की नवीन एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 83,415/- | 1) ₹1,668/- 2) ₹1,000/- |
| 02 तृतीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-01 वार्ड क्रमांक-04 अंतर्गत अखण्ड नगर में श्री शुभम सोलंकी जी की गली में पूर्व से खनित शासकीय बोरिंग से 63 एम.एम. व्यास की नवीन एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 84,282/- | 1) ₹1,686/- 2) ₹1,000/- |
| 03 तृतीय आमंत्रण | नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी स्थित प्रयोगशाला में परीक्षण कार्य हेतु आवश्यक सर्टीफाईड रेफरेन्स मटेरियल क्रय करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 92,080/- | 1) ₹1,842/- 2) ₹1,000/- |
| 04 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-54 अंतर्गत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग पुल के बंगला नं. सी-8 में नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 60,688/- | 1) ₹1,214/- 2) ₹1,000/- |
| 05 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-54 अंतर्गत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग पुल के बंगला नं. सी-1 में नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 79,748/- | 1) ₹1,595/- 2) ₹1,000/- |
| 06 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-14 वार्ड क्रमांक-82 अंतर्गत सुदामा नगर में मकान नं. 2327 के सामने तथा श्रीराम नगर गली नं. 4 में वॉल्व चेम्बरों का निर्माण कार्य तथा रहवासियों के निजी नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 82,555/- | 1) ₹1,651/- 2) ₹1,000/- |
| 07 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-14 वार्ड क्रमांक-82 अंतर्गत शांतिनाथपुरी बगीचे के कुएं में मोटर पम्प डालने तथा हवाबंगला एवं शंकराचार्य गेट पर स्थित बोरिंग से हाईड्रेन्ट का निर्माण कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 84,282/- | 1) ₹1,686/- 2) ₹1,000/- |

टिप:
- आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र. द्वारा जारी सर्क्युलर क्रमाकं या.प्रा./07/2013/3616 भोपाल दिनांक 22/5/2013 अनुसार निविदा स्वीकृत होने के उपरांत न्यूनतम निविदादाता के अनुबंध के साथ 3 प्रतिशत प्रतिभूति राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
- ई.पी.एफ. रजिस्ट्रेशन की जानकारी निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

टिप्पणी -
- निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 10.02.2026 सायं 05.30 बजे तक, स्थान-कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, (जलप्रदाय) संधारण खंड क्रमांक-2 नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर।
- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की दिनांक 11.02.2026 सायं 05.30 बजे तक, स्थान-कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, (जलप्रदाय) संधारण खंड क्रमांक-2 नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर।
- निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक 12.02.2026 दोपहर 03.00 बजे के पश्चात स्थान-कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, (जलप्रदाय) संधारण खंड क्रमांक-2 नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर के कक्ष में।
- निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में मूल एफ.डी.आर. प्रस्तुत करना होगा।
- यह संक्षिप्त निविदा है, निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारियाँ अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।
- ई.पी.एफ. कार्यालय में पंजीयन हेतु आवश्यक आर्हता रखने वाली फर्म/ठेकेदार का पंजीयन होना आवश्यक है।

डाक (पोस्ट) के माध्यम से निविदा विलंब से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जवाबदारी नहीं होगी एवं निर्धारित दिनांक के बाद प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
(जलप्रदाय)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

एक नजर में ▶ आरोप नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि जिला कांग्रेस प्रवक्ता अजय सिंह ठाकुर ने लगाए

# धार नपा की हालत चिंताजनक, अधिकारियों के पास जनप्रतिनिधियों के लिए समय नहीं

**धार । धार नगर पालिका की हालत दिन प्रतिदिन अत्यंत दयनीय होती जा रही है । चुने हुए जनप्रतिनिधियों के लिए न मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास समय है और ना ही इनके द्वारा नियुक्त किए गए वार्ड प्रभारी इंजीनियर के पास समय रहता है और वही जिलाधीश के पास भी समस्या बताई जाए तो वह भी गंभीरता से नहीं लेना चाहते ।**



उक्त आरोप नेताप्रतिपक्ष प्रतिनिधि (म.प्र.विधानसभा), जिला कांग्रेस प्रवक्ता,पार्षद (प्र)अजय डॉ मनोहर सिंह ठाकुर (एडवोकेट) ने लगाते हुए कहा की विगत माह से धार नगर पालिका में आय दिन भ्रष्टाचार की लापरवाही की कार्यालय में चोरी की बड़ी विचित्र घटनाएं सामने आ रही यहां तक की छोटे छोटे कार्य करवाने हेतु वार्ड में नियुक्त इंजीनियर द्वारा भी एस्टीमेट तक नहीं बनाए जा रहे है और दोनों ही अधिकारी और इंजीनियर न तो सीट पर उपलब्ध होते है और नाही फोन पर जिससे जनप्रतिनिधि की उपेक्षा के साथ साथ नगर के हालात भी बिगड़ते जा रहे है।

ठाकुर ने बताया की कार्यालय में चोरी घटना भी अधिकारी की मिली भगत का ही परिणाम थी जिसकी इनके द्वारा कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई ।इसके पूर्व की डस्टबिन खरीदी हो या वाहन के पार्ट्स चोरी का मामला हो या जेसीबी के बकट चोरी का मामला हो मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित सूचना के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई ।जनप्रतिनिधि द्वारा सूचना के अधिकार में भी जानकारी मांगने के बाद अपील के बाद भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है। यहा तक की विधानसभा को भी मजाक समझ कर वहा उठने वाले मुद्दे पर भी गम्भीरता अधिकारी में नहीं है । जिसकी सूचना हमारे द्वारा समय समय पर जनसुनवाई में,प्रत्यक्ष रूप से मिल कर लिखित में जिलाधीश को देकर कारवाही की मांग करते हुए जांच की भी मांग की गई किंतु लगता है कि जिलाधीश के लिए भी यह गंभीर समस्या न हो कर वह कोई कार्य वाही नहीं करना चाहते ।यहा तक की इंदौर के भागीरथ पूरा जैसी समस्या पर 05 को धार में भी प्रतिनिधि मंडल द्वार मय प्रमाण जिलाधीश के नाम ज्ञापन दिया गया था जिस पर जिलाधीश ने कोई गंभीरता न दिखाते हुए नगर पालिका पर न कार्यवाही की न उक्त पानी को सुधारने के कोई प्रयास किए।

> उक्त बातों की जानकारी लेने हेतु मेरे द्वारा आज भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी से समय चाहा गया जिस पर उन्होंने कोई रिप्लाई नहीं दिया जबकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ठेकेदारों के यहां उपस्थित हों कर गाने के वीडियो आए दिन जारी होते रहते है इससे इनकी जनता के प्रति नजरअंदाजी और ठेकेदारों के प्रति मोह को स्पष्ट दर्शाता है। और वही जब कार्य की प्रगति जानने हेतु जब क्षेत्रीय इंजीनियर मेडम से कॉल किया गया तो उन्होंने ने भी कोई जवाब नहीं दिया। जो की सीधी सीधी आम नागरिकों के प्रति इनके द्वारा कार्य में लापरवाही दर्शाता है जो की सहन नहीं किया जा सकता ।ठाकुर ने जिलाधीश से मांग करते हुए चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर इनकी इस लापरवाह कार्य प्रणाली पर अंकुश लगाया जावे नहीं तो जनता और जनप्रतिनिधि की अनदेखी के खिलाफ सड़कों पर उतरकर धरना देते हुए आंदोलन किया जाएगा ।